**Prof. Vineet Kansal**
**Dean UGSE**

**Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Uttar Pradesh, Lucknow**
Sector-11, Jankipuram Extension, Lucknow
dean.ugse@aktu.ac.in, Fax: (0522) 2772189

AKTU/DeanUGSE/2018/070 Date: 28 Sept 2018

To
The Directors/Principals
Colleges Affiliated/ Associated to Dr. APJ Abdul Kalam Technical University
Uttar Pradesh, Lucknow

Subject: **Regarding C.S.T.U.P., Engineering students project grant scheme 2018-19**

Dear Sir/Madam
Please find the attached **"C.S.T.U.P., Engineering students project grant scheme 2018-19"** for participation of engineering students. Details of the scheme are attached herewith.

You are requested to kindly go through and please encourage the students for participation.

Sincerely yours

(Prof. Vineet Kansal)
Dean Undergraduate Studies and Entrepreneurship

Copy to:

1. Registrar, AKTU Lucknow
2. Finance Officer, AKTU Lucknow
3. Controller of Examination, AKTU Lucknow
4. Coordinator, TEQIP III, AKTU Lucknow
5. System Manager, AKTU Lucknow
6. Staff Officer to Hon'ble Vice Chancellor, AKTU Lucknow

(Prof. Vineet Kansal)

# Council of Science & Technology, U.P.

(Department of Science & Technology, Govt. of U.P.)

Vigyan Bhawan, 9 Nabiullah Road, Suraj Kund Park, Lucknow-226 018, Uttar Pradesh

Phone: 0522-2202446, 2611773 Fax: 0522-2611793


Number: CST/D-....2163...................... Date...26.9......... 2018

To

The Vice Chancellor

A.K.T.U.

Lucknow

**Subject: "C.S.T.U.P., Engineering Students Project Grant Scheme 2018-19"**

Dear Sir,

Council of Science & Technology supports Scientific & Technological Institutions of the State for various schemes & projects e.g. Grant in aid for R & D Projects in the various disciplines, Grant in aid for National/ International seminars/ symposiums/ confrence, Innovation Motivation & Intellectual Property Rights, Biotechnology Development.

In continuation of the above, Council of Science & Technology, U.P. conducts **"C.S.T.U.P., Engineering Students Project Grant Scheme 2018-19"** (**"सी.एस.टी., यू.पी. आभियांत्रिकी विद्यार्थी प्रोजेक्ट अनुदान योजना 2018-19"**) for the IV Year (Final Year) B.E./B. Tech Students with the Objectives as followings:-

1- Utilization of technology for local problem.
2- Promotion for useful technology/ Projects for society.
3- Exposure of skills of engineering students.
4- Prevention from repetition of previous projects and promotion innovative projects.

The Council will provide financial support of Rs 20,000/- per projects for Final Year B.E./B. Tech Students. Applications through by head of the insitution are invited under this scheme. The projects may be developed either by a student or a group of maximum four students. Maximum 100 Projects will be selected for financial support under **"C.S.T.U.P., Engineering Students Project Grant Scheme 2018-19"**. Innovative projects that can solve the problem of the society will be considered on priority. It is also to mention that out of the selected projects, best 03 innovative projects will be awarded with First, Second & Third Prizes of Rs 1,00,000/-, Rs 75,000/- & Rs 50,000/- respectively. Detailed information & Application Form of the scheme can be downloaded from our website www.cstup.org from 1st of October 2018.

You are requested to ciruclate this Scheme among Engineering students of your prestigious institution/university & concerned departments. An early response will be highly appreciated

With regards.

Yours' Sincerely

**(Radhey Lal)**
Joint Director

Scanned by CamScanner

# C.S.T. U.P.

# Engineering Students' Project Grant Scheme

# 2018-19





**सी.एस.टी. यू.पी. आभियांत्रिकी विद्यार्थी प्रोजेक्ट अनुदान योजना**

स्थानः- विज्ञान भवन, 9 नबी उल्लाह रोड, सूरज कुण्ड पार्क, लखनऊ-226018

www.cstup.org

## सी.एस.टी., यू.पी., आभियांत्रिकी विद्यार्थी प्रोजेक्ट अनुदान योजना 2018–19

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ0प्र0 (Council of Science & Technology, U.P.) एक स्वायतशासी संस्था है जो कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उ0 प्र0 शासन के अर्न्तगत कार्यरत है। परिषद द्वारा प्रदेश में विद्यार्थियों के मध्य विज्ञान के विषयों में रूचि बढाने के लिए अनेक गतिविधियों का संचालन किया जाता रहा है।

उत्तर प्रदेश में अध्ययनरत् अभियांत्रिकी के अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों के नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित करने के लिये परिषद द्वारा गत् वर्ष की भाँति इस वर्ष भी **‘‘सी.एस.टी., यू.पी. आभियांत्रिकी विद्यार्थी प्रोजेक्ट अनुदान योजना 2018–19” “C.S.T.U.P., Engineering Students’ Project Grant Scheme 2018-19”** का संचालन किया जा रहा है।

**परियोजना का उद्देश्यः–**

1. स्थानीय समस्याओं के निराकरण में प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देना।
2. विद्यार्थियों द्वारा जनोपयोगी प्रोजेक्ट्स के निर्माण को बढ़ावा दिया जाना।
3. विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उनकी प्रतिभा उजागर करना।
4. विद्यार्थियों द्वारा प्रोजेक्ट्स के पुनः प्रस्तुतीकरण की प्रवृत्ति को रोकना एवं नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देना।

**परियोजना के मुख्य क्रियान्वयन बिन्दुः–**

1. परियोजना में उत्तर प्रदेश में अध्ययनरत् बी0टेक0 की किसी भी शाखा के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी ही प्रतिभाग कर सकते हैं।
2. प्रोजेक्ट में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों के तृतीय वर्ष तक के प्राप्तांक का औसत 65 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिये।
3. एक कालेज द्वारा अभियांत्रिकी की अलग–अलग शाखाओं से चयनित अधिकतम् 04 प्रोजेक्ट्स ही परिषद को प्रेषित किये जा सकते हैं।
4. प्रोजेक्ट एकल विद्यार्थी द्वारा अथवा अधिकतम् 04 विद्यार्थियों के समूह द्वारा बनाया जा सकता है। जिसमें समूह के प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा अपना बायोडाटा निर्धारित प्रारूप में प्रार्थनापत्र के साथ पृथक–पृथक संलग्न किया जाना होगा।

5. आवेदन प्रस्ताव की सॉफ्टकापी पी.डी.एफ. फाइल फार्मेट (pdf file format) में दो भागों में प्रेषित की जानी होगी जिनमें से प्रथम भाग में आवदेन पत्र तथा आवेदक का बायोडाटा एवं द्वितीय भाग में निर्धारित बिन्दुओं के अन्तर्गत विस्तृत विवरण के साथ प्रोजेक्ट प्रेषित किया जायेगा।
6. परिषद द्वारा योजना के अन्तर्गत आवेदन प्रस्ताव ईमेल (espgs.cstup@gmail.com) के माध्यम से प्राप्त किये जायेंगे।
7. प्रस्तावित योजना में प्राप्त प्रस्तावों में से परिषद द्वारा वर्ष 2018–19 में अधिकतम 100 प्रस्ताव वित्त-पोषण हेतु चयन किये जायेंगे।
8. परिषद द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव स्वीकृति तिथि से अधिकतम् 03 महीने की अवधि के अन्दर पूर्ण करके परिषद को प्रेषित किये जाने होंगे।
9. वित्त पोषित प्रोजेक्ट के पूर्ण होने पर विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट के मॉडल एवं पी.पी.टी. का प्रस्तुतीकरण निर्धारित तिथि को रिव्यूअर कमेटी के सामने करना होगा तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण परिषद परिसर में ही किया जायेगा।
10. इस योजना के अन्तर्गत परिषद द्वारा एक प्रोजेक्ट हेतु कुल रू 20,000/- का अनुदान प्रदान किया जायेगा। जिसमें से प्रथम किस्त 50 प्रतिशत की होगी। प्रोजेक्ट पूर्ण करने एवं रिव्यूअर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करने वाले छात्र/छात्राओं को शेष 50 प्रतिशत का अनुदान प्रदान किया जायेगा।
11. परिषद को प्रेषित प्रोजेक्ट्स पर संस्थान के निदेशक/प्रधानाचार्य/विभागाध्यक्ष की यह अन्डरटेकिंग आवश्यक होगी कि प्रोजेक्ट विद्यार्थी/विद्यार्थियों द्वारा स्वयं बनाये गये है।
12. संस्थान द्वारा यह अण्डरटेकिंग भी दी जायेगी कि वह परिषद द्वारा दिये गये अनुदान का समुचित एवं सुनियोजित प्रबन्धन करेंगे। ऐसा न होने की स्थिति में अथवा विद्यार्थी/विद्यार्थी ग्रुप के प्रोजेक्ट पूर्ण न किये जाने की दशा में, परिषद संस्था को परिषद की गतिविधियों में भाग लेने से रोक सकती है।
13. स्वीकृत अनुदान राशि आवेदक विद्यार्थी अथवा ग्रुप लीडर (एक से अधिक विद्यार्थी होने की स्थिति में) के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। प्रोजेक्ट के प्रस्तुतीकरण के समय परिषद द्वारा निर्गत अनुदान राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र अपने विभागाध्यक्ष से सत्यापित कराकर विद्यार्थियों द्वारा परिषद को उपलब्ध कराना होगा एवं अवशेष राशि का भुगतान परिषद द्वारा

आवेदक विद्यार्थी अथवा ग्रुप लीडर (एक से अधिक विद्यार्थी होने की स्थिति में) के बैंक खाते में अन्तरित कर दिया जायेगा।

14. योजना में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को परिषद की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे।
15. परियोजना के अन्तर्गत आवेदन परिषद की वेबसाइट www.cstup.org पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप पर ही किया जाना होगा तथा पूर्ण आवदेन परिषद को ईमेल espgs.cstup@gmail.com के माध्यम से निर्धारित तिथि के पूर्व प्रेषित किये जायेंगे। जिसके उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
16. ईमेल से प्राप्त आवेदनों में से चयनित आवेदनों की हार्डकापी परिषद द्वारा सूचित किये जाने पर परिषद को प्रेषित की जानी होगी।
17. अनुदान हेतु चयनित प्रोजेक्टों के आवेदनों की मूल प्रतियाँ सत्यापन की दृष्टि से परिषद द्वारा माँगे जाने पर प्रेषित की जानी होगी।
18. प्राप्त आवेदनों के चयन के सम्बंध में परिषद का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
19. परियोजना के अन्तर्गत सर्वोत्तम् 03 प्रोजेक्ट्स को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः रू 1,00,000/-, रू 75,000/- तथा रू 50,000/- की राशि प्रदान की जायेगी।
20. योजना से सम्बंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् होंगीः-

| **महत्वपूर्ण तिथियाँ** | |
|---|---|
| ऑन लाइन आवेदन की प्रारम्भ तिथि | 01.10.2018 |
| ऑन लाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 10.11.2018 |
| चयनित प्रोजेक्ट्स के परिणाम घोषित करने की तिथि | 15.12.2018 |
| प्रोजेक्ट प्रदर्शन का अनुमानित समय | अप्रैल के अंतिम सप्ताह अथवा मई के प्रथम सप्ताह |

**विज्ञापन एवं आवेदन फार्म हेतु www.cstup.org पर विजिट करें।**
**आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में ईमेल espgs.cstup@gmail.com के माध्यम से परिषद को प्रेषित किये जायेंगें।**

**विज्ञापन एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ0प्र0**
**9 नबीउल्लाह रोड, सूरज कुण्ड पार्क,**
**लखनऊ 226018**